उत्तराखण्ड सरकार
# जिला सूचना अधिकारी कार्यालय उत्तरकाशी
गंगोत्री भवन, जिला कार्यालय परिसर
ई–मेल -dinfouki@gmail.com दूरभाष :– 01374–222213 / फैक्स–222213

## प्रेस नोट

**उत्तरकाशी, 9 सितंबर 2025**

**जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति (क्स्त्) की तिमाही बैठक संपन्न; जिलाधिकारी ने बैंकों को क्रेडिट प्रवाह बढ़ाने और सरकारी योजनाओं को गति देने के दिए निर्देश**

**बैंक गांवों में कैंप लगाकर अधारभूत बैंकिंग सेवाओं की दें जानकारी : डीएम**

जिलाधिकारी प्रशांत आर्य की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति (डीएलआरसी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसबीआई, पीएनबी, नाबार्ड , डीसीबी सहित जनपद के प्रमुख निजी एवं सार्वजनिक बैंकों के जिला समन्वयकों और विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक का मुख्य उद्देश्य बैंकिंग क्षेत्र के प्रदर्शन की समीक्षा करना था। समीक्षा के दौरान बैंकों द्वारा विभिन्न प्राथमिकता वाले क्षेत्रों जैसे कृषि, सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम , शिक्षा और आवास में दिए गए ऋणों की प्रगति का मूल्यांकन किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा "बैंक जिले की आर्थिक वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है अतः यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र और जरूरतमंद लाभार्थियों तक बिना किसी देरी के पहुँचे।" बैंकों को जनपद में विभिन्न संभावनाशील व्यवसायों के लिए अधिक से अधिक लोगों तक सेवाएं सुलभता से उपलब्ध कराने पर ध्यान देने के साथ ही औपचारिकताओं एवं प्रक्रियाओं को आसान बनाने की ओर ध्यान देने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने बैंकों के प्रतिनिधियों को निर्देश दिया गया कि वे क्रेडिट–डिपॉजिट अनुपात में सुधार के लिए ठोस कदम उठाएँ और ऋण प्रवाह को बढ़ावा दें तथा मुद्रा योजना,पीएम स्वनिधि और किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) जैसी योजनाओं के तहत लंबित आवेदनों को जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने सामाजिक–आर्थिक विकास में बढ–चढ कर योगदान करने की अपेक्षा करते हुए कहा है कि बैंकों को जिले में खेती–बागवानी व पशुपालन के परांपरागत सेक्टर को प्रोत्साहित करने के साथ ही पर्यटन एवं तीर्थाटन से संबंधित संभावनाओं वाले क्षेत्रों को तेजी से आगे बढाने के लिए अपनी भूमिका का बेहतर ढंग से निर्वाह करना चाहिए।

जिलाधिकारी ने उपस्थित बैंकों के कार्मिकों को 15 सितंबर से जनपद के गांवों में बैंकिंग संबंधित जागरूकता बढ़ाने एवं केवाईसी, नया खाता खोलने और वित्तीय समावेशन की जानकारी उपलब्ध कराने से सम्बंधित कैंप लगाने का अभियान चलाने के निर्देश दिया।

बैठक में पीडी डीआरडीए अजय सिंह, एपीडी रमेश चन्द्र, लीड बैंक मैनेजर ब्रह्मानंद सिंह, सीएचओ रजनीश सिंह, मुख्य कृषि अधिकारी एसएस वर्मा, जीएम डीआईसी शैली डबराल, डीटीडीओ केके जोशी, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड पारित गुप्ता , जी.एम डीसीबी मुकेश मनोत्रा सहित विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।